Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to conduct Army recruitment Test in Tonk Sawai Madhopur Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर): मैं एक महत्वपूर्ण विषय सदन में रखना चाहता हूं । मैंने माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ जी को दिनांक 12 नवम्बर 2020 को पत्र लिखा था जिसमें मैंने मांग की कि मेरे संसदीय क्षेत्र टोक एवं सवाई माधोपुर में सेना की भर्ती का आयोजन किया जाए जिसमें माननीय मंत्री जी ने आश्वासन दिया और कहा कि मैं जल्द से जल्द इस पर कार्यवाही करवाता हूं । उसके लिए माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं ।

राजस्थान प्रदेश के सीआईएसएफ मैदान आमेर कुण्डा में जिला टोंक, जिला जयपुर, ग्रामीण जिला जयपुर शहर और जिला सीकर के नौजवानों के लिए सेना की भर्ती का आयोजन दिनांक 8 मार्च से लेकर 30 मार्च तक किया गया था जिसमें लाखों नौजवानों भाग लिया । जिसमें से नौजवानों की शारीरिक परीक्षा और मेडिकल चैकअप एवं परीक्षा हुई परन्तु अभी तक सफल नौजवानों की लिखित परीक्षा नहीं हुई है जबकि देश में मेडिकल आईआईटी पुलिस एवं अन्य प्रकार की परीक्षा हो रही है । मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक सीकर एवं जयपुर के लोगों ने बताया की हमारी सेना में भर्ती की लिखित परीक्षा अभी तक नहीं हुई है ।

अतः मेरी माननीय रक्षा मंत्री जी से मांग है कि इनकी जल्द से जल्द परीक्षा की जाए क्योंकि हमारे देश के नौजवान सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करने के लिए उत्सक हैं ।